निदेशालय
आई०सी०डी०एस० उत्तराखण्ड
(महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग)
सुद्धोवाला, निकट नन्दा की चौकी, चकराता रोड़ देहरादून।
दूरभाष एवं फैक्स नं. 0135-2775813, 14 ई मेल dir.icds.ua@gmail.com

उत्तराखण्ड

पत्रांक 2248 आई०सी०डी०एस०/भर्ती-मु०से०-1920/2012-13 दिनांक 22/10/, 2012

संशोधित विज्ञप्ति

निदेशालय विज्ञापन संख्या 1249/भर्ती-मु०से०-1920/2012-13 दिनांक 06-07-2012 के द्वारा आँगनबाड़ी कार्यकर्ती से मुख्य सेविका पद पर चयन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करते हुए आवेदन पत्र जमा अन्तिम तिथि 14 अगस्त 2012 निश्चित की गई थी, लेकिन उत्तरकाशी में दिनांक 03 अगस्त को बादल फटने एवं विभिन्न जनपदों में भारी बारिश के कारण कई मोटर मार्गों के अवरूद्ध होने के कारण कतिपय आँगनबाड़ी कार्यकर्तियों के आवेदन पत्र उक्त निश्चित अवधि में निदेशालय को प्राप्त नहीं हो पाये जिस सम्बन्ध में उनके द्वारा आवेदन की तिथि बढ़ाये जाने की माँग की गई है।

अतः उक्त परिरिस्थतियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा समस्त पात्र आँगनबाड़ी कार्यकर्तियों को एक और अवसर देते हुए आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि संशोधित करते हुए 10 नवम्बर 2012 निर्धारित की जाती है। विज्ञप्ति में शेष शर्तें यथावत रहेंगी। जिन आँगनबाड़ी कार्यकर्तियों के द्वारा आवेदन पत्र प्रेषित किये जा चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन प्रेषित किये जाने की आवश्यकता नहीं है। 10 नवम्बर 2012 के उपरान्त निदेशालय में प्राप्त आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होंगे।

(सी०एस० नपलच्याल)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या तथा दिनांक उपरोक्तानुसार ।

प्रतिलिपि : महानिदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को उत्तराखण्ड राज्य के 02 सर्वाधिक प्रचार प्रसार वाले हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें, तथा बिल प्रमाणित कर दो प्रतियों में इस कार्यालय को भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें।

निदेशक